न्यायालय जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

अपील नामा0 19/2020 बउनवानी ग्यारसी देवी वगै. बनाम भवंर सिंह वगै. निवासी रवॉजना चौड़

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	
28.01.2021	पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। वकील रेस्पो. द्वारा उनवानी अपील के संबंध में राजस्व मण्डल में दायर मुन्तकिली प्रार्थना पत्र संख्या 4490/2020 उनवानी भंवर सिंह वगै. बनाम जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर (श्री नन्नूमल पहाडिया) में पारित निर्णय दिनांक 07.01.2021 की प्रति पेश कर निवेदन किया है कि मण्डल द्वारा उक्त मुन्तकिली प्रार्थना पत्र मे दिनांक 7.1.2021 को निर्णय पारित कर उनवानी अपील आगामी सुनवायी हेतु जिला कलेक्टर टोंक के न्यायालय़ को मुन्तकिल की जाकर दिनांक 10.2.2021 को जिला कलेक्टर टोंक के न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने बाबत निर्देश दिये गये है। इसलिए उक्त उनवानी अपील को नियत दिनांक 10.2.2021 से पूर्व जिला कलेक्टर टोंक के न्यायालय को भिजवायी जावे। वकील अपीलान्ट द्वारा भी निवेदन किया कि मण्डल द्वारा पारित निर्णय दिनांक 7.1.2021 को अपीलान्ट द्वारा किसी न्यायालय मे चुनौती नही दी गयी है, इसलिए उक्त उनवानी अपील को जिला कलेक्टर टोंक के न्यायालय को भिजवाने मे हम अपीलान्ट को आपत्ति नही है। बाद सुनवायी वकील उभय पक्ष एवं मुलाहिजा मण्डल के निर्णय दिनांक 7.1.2021 के उपरान्त उनवानी अपील को आगामी सुनवायी हेतु जिला कलेक्टर टोंक के न्यायालय को सुनवायी हेतु स्थानान्तरित की जाती है। पत्रावली जिला कलेक्टर टोंक को स्थानान्तरित की जाकर दर्ज रजिस्टर से कम की जावे एवं बाद तकमील जिला कलेक्टर टोंक के न्यायालय को प्रेषित की जावे। उभय पक्ष दिनांक 10.2.2021 को जिला कलेक्टर न्यायालय टोंक के समक्ष सुनवायी हेतु उपस्थित हो। (राजेन्द्र किशन) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajendra Kishan
Date: 2021.06.09 17:37:23 IST
Reason: SelfAttested